Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-11-2022 | अंक 411

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मौत : कुंआ में मिला 6 वर्षीय बच्ची का शव, प्राथमिकी दर्ज



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के बरदाग के एक कुंवे से 6 वर्षीय बच्ची का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत का पहचान कोरियाडीह निवासी प्रयास सिंह की छ वर्षीय बेटी परी कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम में बच्ची अपनी मां के साथ शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक मुंह पर पट्टी बांधे हुए आया और परी को लेकर भागने लगा। बच्ची की मां को शोर मचाने पर मोहल्ला के कई लोग इकट्ठा हो गए और बच्ची को लेकर भाग रहे युवकों को दौड़ाने लगे लेकिन कुछ पता नही चला। वहीं कुछ देर बाद परी को घर से दूर एक कुंआ देखा गया। ग्रामीणों के सहयोग से बच्ची को कुंआ से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पाकर बरही थाना प्रभारी ललित कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। पूछे जाने पर उन्होंने बताया की प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। और जांच जारी है जब तक मृत बच्ची का पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही आ जाता है तब पोस्टमार्टम का रिपोर्ट नही आ जाता है तब तक कुछ भी कहना सही नहीं है।

### कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष ने इंस्पेक्टर को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया



बड़कागांव थाना में पदस्थापित पुलिस अवरनिरिक्षक नीरज सिंह को कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष बाबर हुसैन ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।वहीं बड़कागांव में हो रहे जाम की समस्या से अवगत करवाया। नव पदस्थापित इंस्पेक्टर ने हर संभव समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया।

### भाजपा के प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष ने इंस्पेक्टर को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया



बड़कागांव थाना में नए पदस्थापित सर्किल इंस्पेक्टर नीरज सिंह को भाजपा के प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष नौसद आलम ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। बड़कागांव की समस्याओं से अवगत करवाया। आगे उन्होंने बड़कागांव में हो रहे जाम की समस्या से अवगत करवाया। नव पदस्थापित इंस्पेक्टर ने हर संभव समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया।

# आर.सी. मिशन पांच माइल के छात्र का दिन दहाड़े अपहरण, जवाहर घाट के पास छोड़ भागा

## हॉस्टल में नही थी सिक्योरिटी गार्ड, स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से घटी घटना



राजेश कुमार



बच्चे से पूछ ताछ करती पुलिस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के 5 माइल में संचालित आरसी मिशन स्कूल के 9 वर्षीय छात्र राजेश कुमार पिता राधे राजवंशी बाराटांड थाना रजौली जिला नवादा को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दिनदहाड़े हॉस्टल से अगवा कर लिया। मारपीट कर उसे बाइक में बिठाकर तिलैया की ओर ले जाया जा रहा था। जवाहर घाट के पास वह कुछ लोगों को देखकर बचाने की बात कह कर चिलाने लगा। जिसके बाद फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के पास संचालित लक्ष्मी चाय दुकानदार नरेश साव उसका पीछा किया। पीछा करते देख अपहरण कर्ता बीच सड़क पर ही राजेश को छोड़ कर भाग गया। नरेश साव ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे से पूछ ताछ की । राजेश कुमार ने बताया की दो अज्ञात व्यक्ति उनके हॉस्टल आया और दरवाजा खोलने को कहा जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, दो अज्ञात व्यक्ति उसे जबरन अपने बाइक में बिठा लिया। जवाहर घाट के पास जब वह चिल्लाने लगा तो वह उसे सड़क पर छोड़ कर भाग गया। मौके पर राजेश के पिता राधे राजवंशी को भी बुलाया गया। पुलिस ने बच्चे को उनके पिता को सौप दिया। साथ ही स्कूल संचालक को भी फटकार लगाई। राजेश के पिता राधे राजवंशी ने बताया की हॉस्टल में सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था नही थी। जिसके कारण से चोरों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। स्कूल की लापरवाही से ही इतनी बड़ी घटना घटी। पुलिस ने स्कूल संचालक सिक्यो. रिटी गार्ड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

# सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग के लिए रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के लिए 5 खिलाड़ी रांची रवाना

## विद्यालय के प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को रवाना कर जीत की दी अग्रिम शुभकानाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग के लिए रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल की टीम सफायर इंटरनेशनल स्कूल रांची के लिए रवाना हुई। बरही प्रखंड से सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के 5 खिलाड़ी महक पांडेय, सुमिया परवीन, अभिनव कुमार, आयुष कुमार, भोला यादव, शिक्षक सुनील कुमार के साथ भाग लेंगे। ज्ञात हो की सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट जोन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक सफायर इंटरनेशनल स्कूल रांची में आयोजित किया जा रहा है । इस बाबत सभी खिलाड़ियों को रवाना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार एवं



खिलाड़ियों को रांची रवाना करते प्राचार्य अनूप सिंह

चेयरमैन ए. के. सिंह ने बताया कि पांचों खिलाड़ी राइफल शूटिंग में माहिर है। इन खिलाड़ियों से विद्यालय को काफी उम्मीद है कि वह अपने विद्यालय एवं बरही के लिए पदक जीतकर लौटे। छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रशिक्षण के आधार पर विद्यालय के खेल शिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा ने इन खिलाड़ियों का चयन राइफल शूटिंग के लिए किया है । प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल के खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है । इस प्रतियोगिता में ईस्ट जोन से करीब 55 स्कूल के 400 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं । इस प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा । विद्यालय में राइफल शूटिंग के लिए रेंज बनवाया गया है और विद्यार्थियों के लिए एनएक्स 200 का 3 राइफल भी खरीदा गया है । ताकि विद्यालय के शूटर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय तक अपना प्रदर्शन कर सकें । ज्ञात हो कि र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी योगा, जूडो ,खो खो में राज्य स्तरीय तक अपना और अपने विद्यालय का परचम लहरा चुके हैं।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## बरही प्रखंड के आत्मा कार्यालय में निवर्तमान एटीएम और बीटीएम को दी गई विदाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विदाई सह स्वागत समारोह में शामिल लोग

बरही प्रखंड के आत्मा कार्यालय में निवर्तमान एटीएम एवं बीटीएम के विदाई के लिए विदाई समारोह का आयोजन बीडीओ सी.आर. इंदवार के अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषक मित्र के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस समारोह में जहां विदाई के साथ साथ नए एटीएम एवं बीटीएम का स्वागत भी किया गया। नए बीटीएम राकेश कुमार एवं नए एटीएम नीलम सुजाता डुंग डुंग को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ सी.आर. इंदवार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, सचिव लालधारी कुशवाहा, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार एवं कृषक मित्रों में अर्जुन पंडित, राजेंद्र कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश, पम्मी खातून, बेबी देवी, संजू देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, ममता देवी, प्रेमचंद यादव, बहादुर पासवान, सुरेंद्र पासवान, रघुनंदन यादव, संतोष यादव, जागेश्वर साहू, सुबोध यादव, पैक्स अध्यक्ष सुनील साव, लोकनाथ विश्वकर्मा, नागेश्वर कुमार रजक, राजदेव कुमार यादव, विनय यादव, राजेंद्र यादव, विनोद यादव, मोहम्मद इबरार, मोहम्मद कुद्दुस, अशोक राम, प्रेमचंद यादव एवं संजय कुशवाहा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## दंत रोग से बचाव के लिए नियमित दांतो की सफाई जरूरी : डॉ प्रवीण कुमार

### दंत चिकित्सीय कक्ष में दंत परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डॉ प्रवीण कुमार

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत दंत चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार प्रतिदिन सुबह नौ बजे से तीन बजे तक ओपीडी सेवा दे रहे हैं। अपने चिकित्सीय कक्ष में वे लोगो को दंत संबंधी समस्या का समाधान के लिए परामर्श देते रहते हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपने चिकित्सीय कक्ष में दंत परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे दांत से जुड़े मरीजों को दंत रोग से बचाव की जानकारी दी। साथ ही दांत को लेकर जरूरी परामर्श दिए। उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए कहा की दांत हमारे शरीर का अहम हिस्सा है। दांत हमारे शरीर को सुंदरता प्रदान करता है। इसलिए दांतो की सुरक्षा पर विशेष ख्याल रखनी चाहिए। कहा की यदि अपने दांतो की नियमित देखभाल, नियमित साफ सफाई करते हैं तो आप दंत रोग से बच सकते हैं। उन्होंने कहा की अभी भी गांवों में भ्रांतियां है की बच्चा का जब दांत निकलता है तब उसे लूज मोशन होता है। उसे रोकने के लिए असुरक्षित तरीके से दांत को दबाया जाता है। जबकि दांत निकलने से लूज मोशन का कोई कनेक्शन नही है। दांत दबाने से बच्चे को असहनीय दर्द हो सकता है। उसे इन्फेक्शन हो सकता है। दांत निकलने समय कोई परेशानी हो तो तुरंत दंत चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चो के दांतों पर माता पिता को विशेष ध्यान रखनी चाहिए। सुबह शाम रोज बच्चों को इस लिए ब्रश करानी चाहिए, ताकि कोई भी खाद्य सामग्री दांत में अटका हुआ नही रह जाए। जो आगे चलकर कीटाणु पनपने में मदद कर सकता है। कहा की प्रत्येक छह माह में हरेक व्यक्ति को अपने दांतो को लेकर दंत चिकित्सक से चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। मौके पर डॉ अमन कुमार, मो उस्मान सहित कई दंत रोगी मौजूद थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बरही चौक पर जिला प्रभारी व कार्यकारी अध्यक्ष का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला प्रभारी का स्वागत करते कांग्रेसी

बरही चौक पर कांग्रेस जिला प्रभारी मानस सिन्हा व पूर्ण कार्यकारी अध्यक्ष संजय लाल पासवान का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि 26 नवम्बर को चौपारण में आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे। बताते चलें कि 26 नवम्बर को चौपारण में पदयात्रा का कार्यक्रम होना तय है। इसी उद्देश्य से जिला प्रभारी व कार्यकारी कांग्रेसी अध्यक्ष चौपारण के लिए रवाना हुए। बरही चौक पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस ओबीसी के जिला महासचिव दीपक गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने विधायक आवास पर की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल कांग्रेसी

बरही विधायक उमाशंकर अकेला के आवास पर भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने बैठक की। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि सह हजारीबाग के संयोजक मनसा सिन्हा, झारखंड प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजय पासवन शामिल हुए। जहां बैठक में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा किया गया साथ ही निर्णय लिया गया की महाराजगंज बाजार से ब्लॉक मोड़ तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं इस कार्यक्रम का विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में किया जायेगा। वहीं श्री सिन्हा ने कहा की भारत जोड़ो यात्रा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरा देश में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ग्रामीण विकास मंत्री एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह शामिल होंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव विनोद यादव, जिला परिषद सदस्य रवि कुमार अकेला, प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, ट्रेड यूनियन हजारीबाग उपाध्यक्ष असरफ अली, कुणाल कतरियार, मो सरीफुल, प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव एवं जानकी यादव मौजूद थे।

## भामाशाह विद्यालय में बाल प्रतियोगिता का अयोजन, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

### संस्कार युक्त शिक्षा ही है भामाशाह विद्यालय की पहचान : अमित साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बच्चो को पुरस्कृत करते अध्यक्ष, प्राचार्य एवं अन्य

अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से भामाशाह विद्यालय बरही में शुक्रवार को बाल प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमे नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों से कई मौखिक सवाल पूछे गए। जिसमे सभी बच्चो ने उत. साहपूर्वक सभी सवालों का जवाब दिया। छोटे छोटे बच्चो में काफ़ी प्रतिभा दिखी। बच्चो से विद्यालय, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति , शरीर के अंग, शरीर के अंगों के कार्य, पशु पंछी की पहचान, गिनती पहाड़ा एवं वर्णमाला से जुड़े सवाल पूछे गए। जिसमे अधिकांश बच्चो ने सही जवाब दिया। इनमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच बच्चो को पुरस्कार के लिए चयन किया गया। जिन्होंने सबसे अधिक सवालों का जवाब दिए एवं जिन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया, उनमें अश्मित श्रीवास्तव, संयुई शाह, वंशिका केशरी, यशराज कुमार, अर्णव आनंद एवं राजवीर कुमार शामिल हैं। सभी को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित साहू, विद्यालय के प्राचार्य रजनीश पांडेय, विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित साव, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं वरिष्ठ शिक्षक चंद्रमोहन मिश्रा ने पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया एवं बच्चो का हौसला बढ़ाया। अध्यक्ष अमित साहू ने कहा की भामाशाह विद्यालय में संस्कार युक्त शिक्षा देती है। यही इस विद्यालय की पहचान है। प्राचार्य रजनीश पांडेय ने कहा की बच्चो को गतिविधि आधारित शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने अपेम की पहल की सराहना की। मौके पर विद्यालय की कई शिक्षिकाए मौजूद थीं।

## नक्सलियों के घर पर चल रहा है पुलिया बुलडोजर

### पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली के घर पर चला बुल्डोर





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : चतरा के जांबाज आरक्षी अधीक्षक राकेश रजंन के निर्देश पर तथा न्यायालय के सम्मन के बाद राजपुर पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए राजपुर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव के प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के पांच लाख के इनामी नक्सली सहदेव यादव के घर को पुलिस ने कुर्क किया। राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम ने सिकिद गांव में फरार नक्सली के घर को जेसीबी से ध्वस्त किया। न्यायालय के आदेश पर एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई। पुलिस का नक्सलियों के विरुद्ध विध्वंसक कार्रवाई से भाकपा माओवादी और अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने फरार नक्सली को न्यायालय में यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। नक्सल घटना में राजपुर थाना कांड संख्या 90/15 में वांक्षित है सहदेव। पूर्व में राजपुर पुलिस ने घर में इस्तेहार चिपका कर नक्सली सहदेव यादव को सरेंडर करने की चेतावनी दी थी। राजपुर पुलिस ने कुर्की जब्ती के बाद घर में रखे सामानों को अपने साथ थाना ले आई । अधिकारियों ने अन्य फरार नक्सलियों से झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर हथियार डालने का किया अपील। कहा मुख्यधारा में शामिल हो जाएं वरना गंभीर परिणाम भुगतने को भी रहे तैयार।बताते चलें कि सहदेव यादव पिछले लगभग बीस वर्षो से नक्सली संगठन में शामिल है।इधर चतरा आरक्षी अधीक्षक के नक्सलियों के विरुद्ध इस योगी मॉडल से नक्सलियों में खलबली मच गई है।अभियान में सी आर पी एफ के 190वी बटालियन के सुजीत कुमार,राजपुर थाना के ए एस आई राजेश शर्मा के साथ जिला बल के जवान मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रखण्ड में भ्रष्टाचार चरम पर, डीलरों की मनमानी, कार्डधारियों का मिल रहा कम अनाज : प्रमुख

### डीसी से मिलकर चौपारण प्रमुख ने प्रखण्ड के समस्याओं व शिकायतों से कराया अवगत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




प्रखण्ड प्रमुख पूर्णिमा देवी ने हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से मिलकर चौपारण प्रखण्ड के कई समस्याओं व शिकायतों से अवगत कराया। डीसी को लिखे पत्र में पूर्णिमा देवी ने बताया कि प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी मनमानी करते है, समय पर प्रखण्ड कार्यालय नही पहुँचते है जिसकी शिकायत लगातर मुझे मिलता रहता है। प्रमुख ने कहा कि प्रखण्ड के डीलरों के मनमानी से कार्डधारी परेशान है। प्रत्येक डीलर प्रति कार्डधारियों से 5 केजी अनाज की कटौती कर रहा है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वेट मशीन से न तौल कर अपना निजी मशीन से तौलकर अनाज का वितरण किया जा रहा है। प्रमुख ने बताया कि ढाब सलोनिया में कुछ खास लोगों द्वारा निबंधन पदाधिकारी के मिलीभगत से अवैध रूप से पूरे गाँव के जमीन को अपने अपने नाम से करवा लिया है। ढाब सलोनिया में कई अवैध पत्थर क्रेशर का संचालन हो रहा है। चौपारण प्रमुख ने बताया कि मनरेगा से सबधित कार्यो की जानकारी बीडीओ से मांग किया है। मनरेगा में गड़बड़ियों की लंबी फेहरिस्त है, शिकायत को संग्रह किया जा रहा है। मामले को लेकर पुनः डीसी मैडम के पास आऊंगी। कहा प्रखण्ड में अनियमितता किसी भी कीमत पर बर्दस्त नही होगा। आप हमें गड़बड़ियों का सूचना दे कार्यवाई करना व करवाना मेरा काम है।

## सिंघरावां स्कूल में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्टि में पहुँची उपप्रमुख

### शिक्षित इंसान हर जगह सम्मान पाता है : प्रीति कुमारी







**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंघरावां में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड उपप्रमुख प्रीति कुमारी, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, समिति सदस्य विजय मधेसिया आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी का अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामदेव साव, संचालन वीरेंद्र शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन विकास गुप्ता ने किया। विद्यालय की बच्चियो ने स्वागतगान गाकर अतिथियो का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन एवं सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों ने अपनी अपनी सुझाव दिए। उपप्रमुख ने कहा कि शिक्षा इंसान का सबसे अच्छा दोस्त है। एक शिक्षित इंसान हर जगह सम्मान पाता है, शिक्षा सुंदरता को भी पराजित कर सकता है। इसलिए शिक्षा प्रत्येक मनुष्य के लिए जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में इस मुकाम को हासिल करने में शिक्षक एवं अभिभावक दोनों का अहम योगदान रहता है। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, उप मुखिया प्रतिनिधि नौशाद खान, शिक्षक अमित कुमार, सच्चिदानंद प्रसाद वर्मा, बृजमोहन कुमार, बिपिन बिहारी अम्बष्ठ, तारा सिंह, अनिता देवी, अभिभावक उमेश रविदास, सुनैना देवी, लालदीप शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ समापन

### स्पर्द्धा में कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं का रहा दबदबा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




विजेताओं को पुरस्कृत करते बीडीओ समेत अन्य

विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में कक्षा छह से आठ और कक्षा नौ से 12 तक के प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, रिले दौड़, जैव. लिन थ्रो, गोला फेक, फुटब०ल, कबड्डी, लांग जंप, हाई जंप, वॉलीबॉल, कराटे समेत 15 तरह की खेल स्पर्धाएं हुई। आयोजित खेल स्पर्धाओं में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं का दबदबा रहा। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में काजल कुमारी, हाई जंप में किरण कुमारी, वॉलीवॉल में सीमा कुमारी की टीम, कबड्डी में काजल कुमारी, बबीता कुमारी की टीम, जैवलिन थ्रो में दुलारी बेसरा, काजल कुमारी, डिस्क थ्रो में हीरामुनि कुमारी, कराटे में बबीता कुमारी अव्वल रही। फुटबॉल में भी उनका शानदार प्रदर्शन रहा। इसके अलावा विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय, खरना उत्क्रमित उच्च विद्यालय, म०डल स्कूल, चानो, सारूकुदर, बकसपुरा, कुसुंभा समेत अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रत्येक स्पर्धाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, विधायक प्रतिनिधि गुरू प्रसाद साव, बीआरपी जालेश्वर प्रसाद, बीपीओ कुणाल कुमार आदि ने टॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जिलास्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## शिक्षा ही विकास की जननी है विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा : शिक्षा ही विजस कि जननी है यह व्यक्तव्य विधायक अमित कुमार यादव ने मॉडल पब्लिक स्कूल बंडासींगा बरकट्ठा में चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के दौरान कही उन्होंने कहा कि इस सत्र से ही केंद्रीय विद्यालय का संचालन करने की पूरी तैयारी है इसके भवन निर्माण के लिए संभावित स्थलों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यो को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता है। इस विद्यालय में चारदीवारी निर्माण होने से बच्चे और विद्यालय दोनों सुरक्षित रहेंगे। यह चाहरदीवारी ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफडी मद से लगभग 55 लाख की लागत से बनना है। चारदीवारी निर्माण कार्य मेसर्स भैया वरूण के द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर एसी हजारीबाग राकेश रोशन, बरकट्ठा बीडीओ कृति बाला लकड़ा, मुखिया ललिता पांडेय, धीरेंद्र कुमार पांडेय,गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शाहा, भैया वरूण कुमार मुखिया शंकर दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, कुलदीप पांडेय, इंददेव प्रसाद यादव,राज. कुमार यादव, त्रिभुवन मोदी, रीतलाल प्रसाद, रवि गोस्वामी, किशोर साव,रवि गोस्वामी, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सांढ़ पंचायत भवन में पेंशन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांढ़ पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन पूर्व मुखिया सह प्रतिनिधि भीखन महतो ने किया। ग्राम सभा में वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, सड़क व नाली निर्माण को लेकर विशेष चर्चा हुए एंव योजनाओं का चयन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो ने कहा कि जिन व्यक्तियों का 60 साल पूरा हो गया है उनको निश्चित रूप से वृद्धा पेंशन बनाया जाएगा, उससे कम उम्र वालों को पेंशन नहीं मिल पाएगा। मौके पर मुख्य रूप से रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा, वार्ड सदस्य विजय कुमार ,संजय राणा, देवेंद्र कुमार , वार्ड सदस्य प्रतिनिधि योगेंद्र कुमार, ऋतुराज, अजीत प्रसाद, पूर्व वार्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद ,अरुण मिस्त्री के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चेड्रा पंचायत में ग्रामसभा कर विकास योजनाओं का किया गया चयन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



प्रखंड के चेडरा पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को ग्रामसभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मल कुमार ने की। बैठक में प्रत्येक वार्ड के वार्ड सदस्यों के अलावा एसएचजी ग्रुप एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मुखिया निर्मल कुमार ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पंचायत के विकास के लिए जनोपयोगी योजनाओं का चयन किया जाना है। इसमें प्राप्त योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर चयन कर पंचायत निधि से विकास के काम किए जाएंगे। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा कई तरह की योजनाओं को सूचीबद्ध कराया गया। मुखिया ने कहा सूचीबद्ध योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पंचायत कार्यकारिणी समिति से पारित कर योजना धरातल में उतारी जाएगी। जिससे कई तरह की जनसमस्याओं का निदान होगा। इस मौके पर उपमुखिया रीना देवी, ग्राम पंचायत सदस्य गयास सिंह, बेबी देवी, किरण देवी, अरविंद लाहकार, पिंकी सिन्हा, पुरनी देवी, जगदीश साव समेत कई ग्रामीण एवं एसएचजी ग्रुप की महिलाएं मौजूद थी।

## चौपारण बीईईओ राकेश सिंह की अच्छी पहल

### पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चो के अभिभावक से मिलकर स्कूल लौटने के लिए किया प्रेरित





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह ने स्कूल निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय सेलहारा पहुँचे। निरीक्षण के दौरान बीईईओ ने पाया कि स्कूल में नामांकित कई बच्चे अब स्कूल आना छोड़ दिये है और विद्यालय के पोषक क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जहां के कुछ बच्चे पढ़ाई लिखाई नही करते है। बीईईओ ने मध्य विद्यालय सेलहारा से सूची लेकर सबधित बच्चो के अभिभावक से मिलने निकल दिये। बीईईओ ने अभिभावक व बच्चो से मिलकर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चो को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। बीईईओ ने बताया कि सरकारी स्कूल में निःशुल्क शिक्षा, भोजन, कपड़ा दिया जाता है। नवाचार गतिविधियो से बच्चो में सृजनात्मक विकास किया जाता है। अभिभावक अपने बच्चों को जरूर सरकारी स्कूल भेजे। बीईईओ के इस पहल का चारो तरह प्रसंशा हो रहा है। बीईईओ ने कहा कि लगातार हमारा निरीक्षण जारी रहेगा, शिक्षगण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चो के भविष्य को गढ़े। इस दौरान बीईईओ ने सेलहारा, नावाडीह, दर्जिचक, आदि विद्यालयों का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिया।

## प्रखण्ड कार्यालय में किया गया पंचायत समिति की बैठक

### प्रखण्ड के सभी विभागों का किया गया समीक्षा

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : शक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में माननीय प्रमुख इंदु देवी की अध्यक्षता में एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की गरिमामय उपस्थिति में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित विभागों की समीक्षा की गई। स्वास्थ विभाग से समीक्षा के क्रम में विभिन्न निर्देश दिए। उन्हें निर्देशित किया गया कि जो भी मरीज इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में आते हैं उन्हें बेहतर इलाज सुविधा उपलब्ध कराया जाए साथी साथ जो भी दवाइयां मच्छरदानी या अन्य जांच किया जाता है उसकी समुचित और अच्छी तरीके से रजिस्टर मेंटेनेंस किया जाए। जेएसएलपीएस आत्मा एवं कृषि विभाग के कर्मियों पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उनके विभागों से जो भी बीज वितरण क्या अन्य प्रकार का वितरण किए जाते हैं उसकी सूचना प्रखंड कार्यालय को एवं संबंधित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से देते हुए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसको लाभुकों के बीच वितरित किया जाए पशुपालन विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जानवरों में फैले लंपी बीमारी के लिए आवश्यक दवाई उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में पंचायत में संचालित योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई आंगनबाड़ी से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि महिला पर्यवेक्षिका बैठक में अनुपस्थित है जिस पर माननीय प्रमुख महोदय के द्वारा खेद व्यक्त किया गया तदुपरांत उनसे स्पष्टीकरण जारी करने की निर्देश दिया गया शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में विभिन्न पंचायत समिति सदस्यों से या प्रस्ताव लाया गया की प्रखंड अंतर्गत जिन विद्यालयों में एक शिक्षक प्रतिनियुक्त है वहां निकटतम विद्यालय जहां 4 या उससे अधिक शिक्षक प्रतिनियुक्त है से एक विद्यालय प्रतिनियुक्त किया जाए ।मौके पर प्रखण्ड उपप्रमुख सुमन सिंह,बैजनाथ कुमार,जे ई प्रकाश कुमार,नीतेश कुमार,शिव कुमार दास,नवीन तिर्की आगी मौजूद थे।

## सांढ़ पंचायत भवन में पेंशन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सांढ़ पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन पूर्व मुखिया सह प्रतिनिधि भीखन महतो ने किया। ग्राम सभा में वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, सड़क व नाली निर्माण को लेकर विशेष चर्चा हुए एंव योजनाओं का चयन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो ने कहा कि जिन व्यक्तियों का 60 साल पूरा हो गया है उनको निश्चित रूप से वृद्धा पेंशन बनाया जाएगा, उससे कम उम्र वालों को पेंशन नहीं मिल पाएगा। मौके पर मुख्य रूप से रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा, वार्ड सदस्य विजय कुमार ,संजय राणा, देवेंद्र कुमार , वार्ड सदस्य प्रतिनिधि योगेंद्र कुमार, ऋतुराज, अजीत प्रसाद, पूर्व वार्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद ,अरुण मिस्त्री के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा का हुनर सीख सशक्त बन रहीं लाल गलियारे की बेटियां




**अपेम लाइव : संतगांवा**

कोडरमा जिले के सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित प्रखंड सतगावां का लाल गलियारा कहा जाने वाला राजाबर,कोठियार,अम्बाबाद, मीरगंज सहित अन्य क्षेत्र भले ही आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है लेकिन इस इलाके की दर्जनों बेटियां अपने भविष्य के निर्माण एवं राष्ट्र के विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा का हुनर भी सीख रही है। नक्सलवाद का दंश झेल रहे इस इलाके की बेटिया के बुलंद हौसलों के आगे मनचलों की अब खैर नहीं।आत्मरक्षा का हुनर सीख रही यहां की बेटियां, खुद को मनचलों से निपटने के लिए तैयार कर रही है। वह निडर होकर समाज को राह दिखा सकती है। अगर रास्ते में किसी भी ने उससे भिड़ने का प्रयास किया तो उसका मुंह तोड़ जवाब भी दे सकती है। स्थानीय राज संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय बासोडीह की इन लड़कियों की कराटे प्रशिक्षक अजीत कुमार द्वारा विगत लगभग 3 सालों से नियमित रूप से जूडो कराटे का किक और पंच सिखाया जा रहा है। पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक गति. विधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के बाद लड़कियों के जुड़े कराटे का लगन के साथ अभ्यास, लोगों को दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर कर रहा है। लड़कियों के इस जज्बे, इस आत्मविश्वास से बेटियों के प्रति समाज में फैली भ्रांतियां तो दूर होगी ही आने वाली पीढ़ी को भी सीख मिलेगी। छात्रा सोनी कुमारी ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने और विपत्ति आने पर अपनी रक्षा स्वयं करने के लिए मैं कराटे सीख रही हूं।वहीं छात्रा नेहा कुमारी कहती है कि शारीरिक विकास के साथ-साथ इससे मानसिक विकास भी होता है। इस कला के बल पर हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। छात्रा करीना कुमारी ने कहा कि समाज में महिलाओं पर हो रहे हिंसा से बचने के लिए कराटा बेहतर अस्त्र है। चाहे लड़का हो या लड़की, सभी को इसे सीखना चाहिए।वही छात्रा चांदनी कुमारी ने कहा कि कराटे को विद्या सीखने से मुझ में आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं इस क्षेत्र में आगे चलकर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहती हूं। वही कराटा के प्रशिक्षक रंजन कुमार व पीटी शिक्षक अजीत कुमार ने कहा कि सतगावां में बहुत ही जल्द जूडो कराटे का प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ होने जा रहा है बच्चों को कराटे सिखाना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इससे बच्चियों का आत्मबल तो बढ़ेगा ही साथ ही साथ में आत्मरक्षा के लिए सक्षम होगी यदि सरकार द्वारा इन बच्चों को सहयोग मिलता रहा तो यह बच्चा कराटे सीख कर अपने क्षेत्र में नाम रोशन करेंगे साथ ही साथ उन्होंने बताया कि सतगावां प्रखंड के रहने वाली ममता कुमारी सिल्वर मैडल,खुशी कुमारी ब्रोंज मैडल ने जिला चौंपियनशिप में इनलोगों ने परचम लहरा कर 18 नवंबर को राज्यस्तरीय चौंपियनशिप खेलने के लिए रवाना होगी वहीं प्रधानाध्यापक अवधेश पांडे ने बताया कि आज के युग में बेटियां भी बेटों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है सही बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखना चाहिए।




## संजीव बेदिया को झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार का सदस्य बनाए जाने पर जेसीएम यू कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी बड़कागांव विधानसभा संजीव कुमार बेदिया को झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार का सदस्य बनाए जाने पर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनटीपीसी क०ल ब्ल०क सह झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने श्री बेदिया को बुके भेंट कर दो माला पहना कर बधाई एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया सीएम यू के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह साबिर हुसैन सचिव गुड्डू राम कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा सचिव बासुदेव यादव प्रमोद महतो गणेश गंजू कमलनाथ गंजू नरेश गंजू शंकर साव बसंत ठाकुर विनोद यादव अशोक गुप्ता रामचंद्र भुइयां नंदकिशोर भुइया सुरेश यादव सोहेल असगर इत्यादि शामिल है।

## रानीचुआं पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना का हुआ गठन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के रानीचुआं पंचायत कमिटी गठन को लेकर जीतपुर कुटमा फुटब०ल ग्राउंड में तिलेश्वर साहू सेना का बैठक संपन्न हुआ । जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष सन्तोष रजवार एवं संचालन बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम एवं बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह नव निर्वाचित रानीचुआं पंचायत प्रभारी मनोज पासवान ने किया । इस बैठक में मुख्य रुप से बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, मीडीया प्रभारी बबलु साहु, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से रानीचुंआ पंचायत प्रभारी मनोज पासवान, संयोजक अशोक हांसदा, अध्यक्ष मुन्ना सोरेन, उपाध्यक्ष श्री हांसदा, रमेश हांसदा, सहादेव टुडू, सोहन किस्कू बासुदेव मुर्मू, मुबारक अंसारी, प्रीति देवी एवं भुनेश्वर साव, प्रधान महासचिव दशरथ सोरेन, महासचिव केवल सिंह, नरेश मुर्मू, आशा देवी एवं शिवराम सोरेन, सुरेश मुर्मू, बद्री सिंह, भोला सिंह व सुनिता टुडू, प्रवक्ता विजय प्रकाश सिंह, कान्ति देवी, पिंटू पंडित एवं सिकंदर हांसदा, मीडिया प्रभारी गुलाब रजवार, सोशल मीडिया प्रभारी अमित पंडित व विरेन्द्र सिंह आदि को चुना गया। बैठक में बालेश्वर सिंह, वसंत सिंह, सूरज हेंब्रम, भोला सिंह, सीताराम हांसदा सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। इस बैठक में सभी पंचायत कार्यसमिति के पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने पर बल देने को कहा गया जिससे आने वाले विधान सभा चुनाव में संगठन को मजबूती मिले।

